भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3679**

उत्तर देने की तारीख: 17/12/2024

**समेकित विशेष और समावेशी शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईएसआईटीईपी)**

3679. श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी:
श्री जशुभाई भिलुभाई राठवा:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) समेकित विशेष और समावेशी शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईएसआईटीईपी) का ब्यौरा क्या है और दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए साधन युक्त कुशल शिक्षक कार्यबल द्वारा क्या भूमिका निभाई गई है; और

(ख) क्या उक्त कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के दिशानिर्देश के अनुरूप विकसित किया गया है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री

(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): एकीकृत विशेष और समावेशी शिक्षक शिक्षण कार्यक्रम (आईएसआईटीईपी) को आरसीआई (भारतीय पुनर्वास परिषद) द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए ऐसे शिक्षक तैयार करने हेतु डिज़ाइन किया गया है जो सभी प्रकार के स्कूल सेट अप में दिव्यांग बच्चों को प्रभावी ढंग से पढ़ा सकें। आईएसआईटीईपी का उद्देश्य एकीकृत तरीके से विशेष और समावेशी शिक्षा में व्यावसायिक ज्ञान प्रदान करना है। इस कार्यक्रम की अवधि चार शैक्षणिक वर्षों की है, जिसमें इंटर्नशिप (क्षेत्र-आधारित अनुभव और अभ्यास शिक्षण) सहित आठ सेमेस्टर शामिल हैं।

(ख): जी, हां।

*****